## संस्कृति, साहित्य और संवाद का संगम बनेगा उज्जैन, राज्य युवा उत्सव होगा प्रारंभ

### युवा विद्यार्थियों का लघु कुंभ 8 से 10 जनवरी तक होगा, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने गठित कीं 23 संचालन समितियां

**उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिस यूनिवर्सिटी से पढ़कर आगे बढ़े और आज राजनीति के सबसे उच्च शिखर पर पदस्थ हैं। सबसे आम बात यह है कि उच्च शिक्षा मंत्रालय जैसे विभाग में डॉ. यादव मंत्री रहे और विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदलकर सम्राट विक्रम किए जाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। ऐसे में अब सीएम डॉ. यादव के गृह नगर में राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन होने जा रहा है जो सभी के लिए गौरव का विषय है।**



महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी तो चल ही रही है इसी बीच एक लघु कुंभ और आयोजित किया जा रहा है जो शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय आयोजन साबित होगा। इसके लिए सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने तैयारियां शुरू कर दी है।

आयोजन मार्गदर्शक समिति में कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन में कार्यपरिषद् के सदस्य, कुलसचिव, कुलानुशासक तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। वहीं आयोजन समन्वय समिति के माध्यम से समस्त गतिविधियों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। आईटी सेल एवं पंजीयन समिति पंजीयन, डेटा प्रबंधन और तकनीकी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि वेबसाइट और सूचना प्रसारण समिति के माध्यम से आयोजन से जुड़ी जानकारियां नियमित रूप से प्रसारित की जाएंगी। कार्यक्रम में बाहर से आने वालों के लिए आवास, परिवहन, भोजन एवं स्वल्पाहार समितियां बनाई गई है। प्रतिभागियों की हर सुविधा समिति सुनिश्चित करेंगी। प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए पृथक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समितियां गठित की गई हैं। जो विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करेंगी। परिणाम संकलन, प्रमाणपत्र वितरण, वित्त, शोभायात्रा, परिसर साज-सज्जा, चिकित्सा व्यवस्था, अनुशासन एवं सुरक्षा, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी तथा राज्य युवा उत्सव कार्यालय जैसी समितियां आयोजन को सुचारु, सुरक्षित और स्मरणीय बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह राज्य स्तरीय युवा उत्सव न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को मंच प्रदान करेगा, बल्कि उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान को भी प्रदेशभर में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन युवाओं के लिए सांस्कृतिक एकता, बौद्धिक विमर्श और साहित्यिक संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा।

#### प्रदेश के 24 विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे

सम्राट् विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन द्वारा 8 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 23 विभिन्न संचालन समितियों का गठन किया गया है। यह आयोजन उज्जैन में युवा विद्यार्थियों के लिए एक लघु कुंभ के रूप में आयोजित होगा। जिसमें प्रदेश के 24 विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। नवभारत से चर्चा में विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एसके मिश्रा ने बताया कि आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के लिए आयोजन मार्गदर्शक समिति, आयोजन समन्वय समिति, आईटी एवं पंजीयन समिति, आवास, परिवहन, भोजन, अनुशासन, चिकित्सा, प्रचार-प्रसार, प्रतियोगिता संचालन, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी तथा प्रशासनिक अनुभवी सदस्य शामिल किए गए हैं।

## चाइना डोर से कटा गला, 2 घंटे चला युवक का ऑपरेशन

**उज्जैन। घातक चाइना डोर से पतंगबाजी करने वाले नहीं मान रहे है। एक बार फिर चाइना डोर का शिकार पंडिताई करने वाला युवक हो गया। उसे खून से लथपथ हालत में 2 युवक अस्पताल लेकर पहुंचे। चरक में युवक को एक दर्जन से अधिक टांके लगाये गये। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रैफर किया गया है।**



जयसिंहपुरा क्षेत्र में किराये से रहने वाला विनय पिता घनश्याम तिवारी 22 साल मूलरूप से जीरापुर का रहने वाला है। उज्जैन में रहकर वह पंडिताई का काम कर रहा है। शाम 5.30 बजे के लगभग जयसिंहपुरा घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। कुछ दूरी पर लालपुल के पास आते ही चाइना डोर गले में उलझ गई, वह संभल पाता उससे पहले गला कटते ही बाइक से गिर पड़ा। वहां मौजूद 2 युवक अर्जुन माली निवासी जयसिंहपुरा और गोलू माली निवासी प्रेमनगर ने उसे गिरते देखा तो दौड़कर उठाया, लेकिन विनय लहूलुहान हो चुका था। उसके गले में चाइना डोर फंसी थी। दोनों उसे तत्काल बाइक से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उपचार के लिये ऑपरेशन थियेटर में भेजा। जहां डॉ. अंशु वर्मा ने तीन लेअर में टांके लगाये और फंसी डोर को काटकर निकाला। लेकिन खून अधिक बहने पर युवक की हालत गंभीर बनी हुई थी। जिसे तत्काल रैफर किया गया। साथ में पंडिताई करने वाला दोस्त उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गया है। युवक का चाइना डोर से गला कटने की सूचना चरक अस्पताल से ड्यूटी कम्पाउंडर राजेन्द्र पटेल द्वारा महाकाल थाना पुलिस को दी गई है।

#### अब तक आधा दर्जन लोगों के साथ घटना

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में प्रतिबंध लगने के बाद से अब तक आधा दर्जन लोगों के साथ प्रतिबंधित डोर से घटना होना सामने आ चुका है। सबसे पहले हरिफाटक ब्रिज पर स्कूटी सवार महिला बाल-बाल बची थी। उसके बाद 7 दिसंबर को घासमंडी ब्रिज पर विपुल महिवाल के गले में चायना डोर उलझी थी। उसे गले में 1 टांका लगाया गया था। लेकिन 20 दिसंबर को आगररोड खिलचीपुर नाका पर परिक्षा देकर लौट रहे योगेश आंजना निवासी ग्राम पिपलिया धूमा झारड़ा का गला बुरी तरह कट गया था। 27 दिसंबर को इंदिरानगर आगररोड पर हलवाई तुलसीराम राठौर निवासी गायत्री नगर की नाक कटी थी। 31 दिसंबर को जयसिंहपुरा में प्रेम पिता तिलक कुलवाडिया निवासी राजीव रत्न कालोनी का गला कटा था। योगेश और प्रेम का अब भी उपचार जारी है। दोनों को 10-10 टांके से अधिक लगाना पड़े थे।

## चायना डोर के साथ पकड़ाए युवक का पुलिस ने निकाला जुलूस

### दो नाबालिगों के साथ ऑर्डर पर करता था सप्लाय

**उज्जैन। जानलेवा साबित हो रही चायना डोर के साथ युवक को पुलिस में सोमवार सुबह हिरासत में लिया। जिससे प्रतिबंधित डोर बरामद करने के बाद उसका दोपहर में जुलूस निकाला। युवक दो नाबालिगों के साथ ऑर्डर पर चाइना डोर सप्लाय कर रहा था। दोनों नाबालिगो को भी पुलिस ने पकड़ा है।**



चायना डोर पर दिसंबर माह में प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद चायना डोर से गला कटने के हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते सोमवार सुबह महाकाल थाना पुलिस को सूचना मिली कि बेगमपुरा ब्रिज के नीचे एक युवक चायना डोर बेचने के लिए निकला है। थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम के साथ युवक की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में नाम सैफ अली होना सामने आया जो ऑर्डर पर चायना डोर बेचने का काम कर रहा था। उसके साथ दो नाबालिग भी अवैध कारोबार से जुड़े हुए थे। पुलिस ने दोनों नाबालिग साथियों को भी हिरासत में लिया। तीनों की निशानदेही पर 25 रील प्रतिबंधित डोर की जप्त की गई। पूछताछ में पता चला कि उक्त चायना डोर नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाले युवक से बेचने के लिए लाए थे और ऑर्डर पर ही डोर सप्लाय कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हिरासत में आए युवक के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। उससे पहले युवक का बेगमबाग क्षेत्र में जुलूस भी निकाला गया। बरामद की गई चायना डोर जलाई गई है। थाना प्रभारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी पुलिस द्वारा प्रतिबंधित चायना डोवर की तलाशी का अभियान जारी रहेगा। वहीं चायना डोर से पतंगबाजी करने वालों को भी पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

#### दामाद ने ईंट से हमला कर सास का फोड़ा सर

उज्जैन। बेटी और जमाई के बीच विवाद -होता देख समझाने पहुंची सास पर जमाई ने ईंट से हमला कर दिया। सिर फूटने पर सास लहूलुहान हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने जमाई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के सम्राट नगर में रहने वाली मुस्कान और उसके पति शोएब अंसारी के बीच विवाद हो रहा था। घर के सामने रहने वाली मुस्कान की मां रूबीना पति सलीम खान ने दोनों को झगड़ते देखा तो वह समझाने के लिए पहुंची। जमाई छत पर चला गया। सास उसे नीचे खड़े होकर समझाने का प्रयास कर रही थी उसी दौरान आवेश में जमाई ने छत पर रखी ईंट से हमला कर दिया। रूबीना के सिर में चोट लगने पर वह लहूलुहान हो गई। रूबीना के पुत्र तत्काल मौके पर पहुंचे और मां को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए। इस दौरान जमाई घर से भाग निकला था। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। घायल महिला के बयान दर्ज किए गए हैं।

## महापौर ने किया सीवर लाइन के कार्यों को देखा

**उज्जैन।** अमृत 2.0 अंतर्गत आदर्श नगर कॉलोनी में सीवरेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत सीवर लाइन का कार्य किया जा रहा हैं। उक्त कार्य का निरीक्षण सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य एवं सीवरेज विभाग के प्रभारी सदस्य प्रकाश शर्मा, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार की उपस्थिति में किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जो कार्य किए जा रहे है उससे क्षेत्र की जनता को परेशानी ना हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता से हो इस बात का ध्यान रखें।

## शेख अलीम आज उज्जैन दौरे पर

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम आज 6 जनवरी को उज्जैन जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के नौशाद खान ने बताया कि शेख अलीम सुबह 11 बजे महिदपुर में तथा दोपहर 1 बजे नागदा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राजनीतिक विषय पर चर्चा करेंगे।

## उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन 2 का आयोजन रहा सफल




**उज्जैन।** सीए आक्रित जैन उज्जैन सीए शाखा नेबताया कि उज्जैन सीए बॉक्स क्रिकेट लीग-सीजन 2 का 4 जनवरी, रविवार को श्री माधव क्लब टर्फ, उज्जैन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस क्रिकेट लीग का मुख्य उद्देश्य सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों के बीच आपसी बॉन्डिंग, नेटवर्किंग को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करना था। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें विभिन्न चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों द्वारा बोली लगाकर अपनी-अपनी टीमें गठित की गईं। टीम मालिक एवं टीमें सीए नितिन गरुड़ एवं सीए अरविंद होरा, विक्रम वॉरियर्स, सीए राजेश अग्रवाल एवं सीए अरविंद मंत्री, उज्जैन टाइगर्स, सीए सौरभ सोडानी एवं सीए जीतेंद्र थानी, उज्जैन सुपर किंग्स, सीए अवनीश गुप्ता एवं सीए रुचिन अग्रवाल, टैक्स टाइटन्स, सीए आदित्य नामजोशी एवं सीए अंकुर गोयल, ऑडिटर्स चैलेंज सीए राजेश सिंघी एवं सीए वैभव मनवानी, देवास रॉयल्स रहा।

#### टूर्नामेंट परिणाम

लीग विजेता, देवास रॉयल्स, उपविजेता- उज्जैन टाइगर्स लीग के आयोजन में वृंदावन धाम फार्म्स एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। व्यक्तिगत पुरस्कार मैन ऑफ द सीरीज, सीए आतुष जैन, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सीए संदीप कुशवाहा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सीए अरविंद होरा, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक सीए अंशुल विजयवर्गीय रहे। इस आयोजन में मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों सीए आशीष टोटला (उपाध्यक्ष), सीए अनिश चौधरी (सचिव), सीए मनीष राठी (कोषाध्यक्ष), सीए रितेश तलरेजा (सीकासा चेयरमैन), सीए आतुष जैन (सीपीई कन्वीनर) ने सभी सहयोगी संस्थाओं, टीम मालिकों एवं खिलाड़ियों का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह टूर्नामेंट खेल भावना, आपसी सौहार्द एवं संगठनात्मक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। जानकारी ब्रांच इंचार्ज हसन चोबारावाला ने दी।

## दिलीपसिंह राजपुरोहित जिला अध्यक्ष बने

**उज्जैन।** भगवा सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश नोरवा ने वरिष्ठ समाज सेवी एवं पत्रकार दिलीपसिंह राजपुरोहित को संघ का उज्जैन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। नोरवा रविवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आये थे। दर्शन के बाद दिलीपसिंह राजपुरोहित के ऑफिस पर आए और उन्होंने पुरोहित को नियुक्ति पत्र दिया। ऑफिस पर कालूराम भास्कर, विक्रम सिंह थोब, स्वरूप सिह, रमेश देवासी, गजेसिंह ओसियां, सरवन सिंह राजपुरोहित, मोतीसिंह थोब, श्यामसिंह राजपुरोहित ने नोरवा का स्वागत कर दिलीपसिंह राजपुरोहित को जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर आभार माना।



## बारोड दमन एवं दीव में अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन सूरी शिक्षा महाविद्यालय के खेल अधिकारी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय निर्णायक राहुल बारोड का चयन दीव के घोघला बीच में आयोजित हो रही खेलो इंडिया बीच गेम्स में बीच मलखंभ खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यहां मल्लखंब की प्रतियोगिता 4 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रही है। बारोड पूर्व में कई खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके हैं। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष पारसचंद जैन, डॉ. बीके मेहता, डॉ. विद्या जोशी, नरेंद्र गर्ग, मोहन लाल धाकड़ ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस को पीछा करते देख भागे बदमाश की टूटी टांग

**उज्जैन। संगीन अपराधों में फरार चल रहा बदमाश सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस के सामने आ गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो भागने लगा। उसकी बाइक फिसल गई। टांग टूटने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर में रहने वाला अमजद पिता रहीम खान कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ कई थानों में 15 से अधिक संगीन अपराध दर्ज है। कुछ माह पहले वह साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा था। पुलिस सूचना मिलने पर पहुंची थी। उसके साथी हिरासत में आ गये थे लेकिन कुख्यात बदमाश अमजद भाग निकला था। जिसकी तलाश जारी थी, गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम भी रखा था। सोमवार देर शाम पंवासा थाना पुलिस सर्कल भ्रमण कर रही थी उसी दौरान इनामी फरार बदमाश पिंगलेश्वर के समीप बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिये पीछा किया लेकिन उसकी बाइक फिसल गई और पैर टूटने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि बदमाश फरार इनामी है। वहीं उसके खिलाफ रासुका का कार्रवाई भी प्रस्तावित है। बदमाश के पास से जिंदा राउंड लगी पिस्टल भी बरामद हुई है। उसके खिलाफ गौवंश वध, अवैध शराब, अवैध हथियार, डकैती की योजना बनाने जैसे संगीन मामले दर्ज है।

## मुख्यमंत्री भागवत कथा में वर्चुअली सम्मिलित हुए

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार दोपहर ग्राम लेकोड़िया तहसील खाचरौद स्थित श्री नंदराज गोधाम गोशाला में श्री नंदराज गोधाम गोशाला, लेकोड़िया समिति द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से निर्मित नवीन टीन शेड (डोम) का लोकार्पण वर्चुअली कर वहां आयोजित पं. हरिनारायण शास्त्री की भागवत कथा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह, राजेश धाकड़, राकेश यादव, समिति के हरिनारायण मेहता, मदन सिंह तंवर, मदन लाल पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## महापौर ने किया अधिकारियों के साथ शेष चल रहे कार्यों का निरीक्षण

**उज्जैन। वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना मद की राशि लगभग 75 लाख रुपए की लागत से नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा नगर वन नक्षत्र वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य पूर्णता की ओर है सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों के साथ प्रचलित कार्यों का निरीक्षण किया गया।**




उल्लेखनीय है कि पूर्व में यहां पर नर्सरी हुआ करती थी जहां पर लकड़ियों को रखा जाता था। उक्त क्षेत्र लगभग 01 लाख 05 हजार स्क्वायर फीट लगभग 4.5 बीघा क्षेत्रफल में फैला हुआ है। जिसका नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा कायाकल्प करते हुए यहां पर नक्षत्र वाटिका, नगर वन को विकसित करते हुए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना मद की 75 लाख की राशि से विकास कार्य किए गए हैं। जिसमें लगभग 8 से 10 हजार पौधे लगाए गए हैं साथ ही एक्यूप्रेशर स्थल, सेल्फी प्वाइंट, गज़ीबो, पाथवे, प्राकृतिक जंगल, बच्चों के खेलने के लिए झूले, जिम उपकरण, आकर्षित लाइटिंग, फाउंटेन, मुख्य द्वार की बाउंड्री वॉल पर आकर्षक एवं सुंदर चित्रकारी, जीव जंतु की आकृति, रिचार्ज पीट, कंपोस्ट पीट इत्यादि की सुविधा विकसित कि गई हैं। यहां पर राशि एवं ग्रहों के आधार पर नक्षत्र वाटिका में पौधे भी लगाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, उपयंत्री गायत्री प्रसाद डेहरिया, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल बाघेला एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

**विशेष आयोजन** — विश्व शांति की कामना, गुरुमाऊली अण्णासाहेब मोरे ने दिए आशीर्वचन

## निरंजनी अखाड़ा उज्जैन में हुए भस्मलिंगार्चन समारोह में उमड़े भक्त

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** उज्जैन के बड़नगर रोड पर निरंजनी अखाड़े के प्रांगण में विशाल पंडाल में लाखों भक्तों की मौजूदगी में सोमवार को भस्मलिंगार्चन समारोह हुआ। आयोजन की जानकारी देते हुए पुष्कर सोनवानी ने बताया कि अनुष्ठान के जरिए इस धार्मिक नगरी से विश्व में शांति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गुरुमाऊली अण्णासाहेब मोरे पीठाधीश अखिल भारतीय स्वामी समर्थ गुरुपीठ त्र्यंबकेश्वर नाशिक महाराष्ट्र ने आशीर्वचन दिए। संपूर्ण पंडाल जय महाकाल के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर गुरु माता सौ. मंदाताई मोरे, गुरुपुत्र नितीनभाऊ मोरे सहित अन्य मान्यवर मंच पर उपस्थित थे।



**हर्षा रिछारिया ने किए महाकाल दर्शन**-प्रयाग कुंभ में पूरे समय पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म और बाद में मीडिया में छाई रही हर्षा रिछारिया ने उज्जैन आकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। हर्षा कुभ की सबसे खूबसूरत महिला साध्वी के रूप में चर्चित हुई थी।

#### ज्ञान दास महाराज ने पूजन कर मां शिप्रा को ओढ़ाई चुनरी



शिप्रा शुद्धिकरण को लेकर आंदोलनरत सदावल रोड स्थित श्री दादूराम आश्रम के पीठाधीश्वर एवं निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ज्ञान दास महाराज ने सोमवार को रामघाट पर मां शिप्रा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर लाल चुनरी ओढ़ाकर 26 वां दीक्षा पर्व मनाया। महाराज श्री का भक्तों ने आश्रम में स्वागत प्रसादी ग्रहण की। शिप्रा पूजन में वीर हनुमान मंदिर के गादीपति महंत पंडित जस्सू गुरु महाराज, आदित्य नागर, शैलेष दुबे, वीरेंद्र त्रिवेदी शामिल हुए। पूजन तीर्थ पुरोहित गौरव उपाध्याय, यश जोशी ने कराया।